आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 25.11.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज फहराया। कहा– यह ध्वज भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है।
- बदरीनाथ धाम के कपाट विधि–विधान से पूजा–अर्चना के बाद शीतकाल के लिए बंद। चारधाम यात्रा का समापन।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निकार कर्मकार कल्याण बोर्ड में मनरेगा कर्मकारों के पंजीकरण का शुभारंभ किया।
- कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व में पर्यटक जल्द ही हाथी सफारी का आनंद ले सकेंगे।

प्रधानमंत्री/धर्म ध्वजा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा फहराई। यह मंदिर निर्माण के पूर्ण होने तथा सांस्कृतिक उत्सव और राष्ट्रीय एकता के एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह ध्वज भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पवित्र ध्वज इस बात का प्रमाण है कि अंततः असत्य पर सत्य की विजय होती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र इस देश के डीएनए में है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रत्येक व्यक्ति, विशेषकर समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि राम भेदभाव नहीं करते और सरकार भी इसी भावना के साथ आगे बढ़ रही है।

बदरीनाथ धाम कपाट

चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम के कपाट आज विधि–विधान से पूजा–अर्चना के बाद अपराह्न 2 बजकर 56 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इस दौरान धाम परिसर सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों और जय बदरीविशाल के उदघोषों से गूंज उठा। सर्द मौसम के बीच पांच हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी रहे। कल सुबह श्री कुबेर जी, उद्धव जी और रावल जी सहित आदि गुरु शंकराचार्य जी की गद्दी शीतकालीन प्रवास पांडुकेश्वर और श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ को प्रस्थान करेगी। श्री उद्धव जी और श्री कुबेर जी शीतकाल में पांडुकेश्वर प्रवास करेंगे, जबकि 27 नवंबर को आदि गुरु शंकराचार्य जी की गद्दी श्री नृसिंह मंदिर ज्योतिर्मठ पहुंचेगी। बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ ही इस साल की चारधाम यात्रा का समापन हो गया। इस वर्ष पचास लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने चारधाम के दर्शन किये।

लैंगिक समानता

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण पर ''नई चेतना—पहल बदलाव की'' राष्ट्रीय अभियान के चौथे संस्करण का शुभारंभ किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि समानता कोई नारा नहीं बल्कि भारत की संस्कृति की आत्मा है। उन्होंने कहा कि समाज तभी सशक्त हो सकता है, जब महिलाएं सशक्त हों। महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आज महिलाएं न केवल भारत के विकास में योगदान दे रही हैं, बल्कि एक विकसित राष्ट्र की प्रेरक शक्ति भी हैं। दीनदयाल अंत्योदय योजना—राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित यह अभियान सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चलाया जाएगा। इसका शुभारंभ महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस के साथ हुआ।

पंजीकरण शुभारंभ

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निकार कर्मकार कल्याण बोर्ड में मनरेगा कर्मकारों के पंजीकरण का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पंजीकरण से मनरेगा श्रमिकों को उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निकार कर्मकार कल्याण बोर्ड की सभी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि प्रदेश में मनरेगा के तहत 16 लाख से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, जिसमें से साढ़े नौ लाख श्रमिक सक्रिय हैं। इनमें से वर्ष में न्यूनतम 90 दिन काम करने वाले श्रमिक अब बोर्ड की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बोर्ड में पंजीकृ त श्रमिकों की संख्या पांच लाख से अधिक है। मनरेगा श्रमिकों के योजना से जुड़ने पर बोर्ड की सेवाओं का लाभ लाखों अन्य श्रमिकों तक पहुंच सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रदेश में जहां श्रमिकों का कल्याण हो, वहीं उद्योगों और निवेशकों को भी प्रोत्साहन दिया जाए।

हाथी सफारी

नैनीताल जिले में स्थित कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व में जल्द ही पर्यटक, हाथी सफारी का आनंद ले सकेंगे। कुछ वर्षों से बंद पड़ी हाथी सफारी की फिर से अनुमति मिल गई है। हाथी सफारी ढिकाला और बिजरानी, दोनों प्रमुख ज़ोन में शुरू की जाएगी। ढिकाला में दो हाथियों और बिजरानी ज़ोन में एक हाथी से सफारी कराई जाएगी। सफारी के दौरान पर्यटक जंगल की खूबसूरती, वन्यजीवों की गतिविधियां और प्राकृतिक आवास का बेहद नजदीकी से अनुभव ले सकेंगे। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि हाथी सफारी के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व, दुनिया भर में अपनी जैव विविधता, रॉयल बंगाल टाइगर और रोमांचक जंगल सफारी के लिए प्रसिद्ध है। ऐसे में हाथी सफारी की शुरुआत, रिज़र्व की पर्यटन गतिविधियों में एक बड़ा बदलाव साबित होगी।

शहीदी दिवस

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर आज देहरादून के रेसकोर्स में गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेककर उनके त्याग और बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने लोगों को प्रेम, एकता, भाईचारे का संदेश दिया। उनके बलिदान से हमें आपसी एकता और सद्भाव की प्रेरणा मिलती है।

बाल श्रम अभियान

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर आज जिले में व्यापक बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर गठित टीमों ने एक साथ सघन निरीक्षण और छापेमारी की कार्रवाई की। सभी टीमें सुबह से ही फील्ड में सक्रिय रहीं और शहर के विभिन्न बाजारों, औद्योगिक इकाइयों, होटल–ढाबों, वर्कशॉपों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत नाबालिग बच्चों की तलाश की गई। अभियान के दौरान कई स्थानों पर नाबालिग बच्चों को कार्य करते पाया गया, जिन्हें तुरंत रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वहीं बाल श्रम निषेध अधिनियम के तहत संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। टीमों ने मौके पर श्रम कानूनों और बाल अधिकारों से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी।